Email: etawahexpress24@gmail.com Web: www.etawahexpress.com

राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक

# इटावा एक्सप्रेस

इटावा, उत्तर प्रदेश से प्रकाशित

आर.एन.आई शीर्षक कोड UPMUL00821 / DM Per.No. 1995

वर्षः1 अंक 03 इटावा 23 जुलाई 2022 दिन शनिवार मूल्य 2/-₹ पृष्ठ 8

## इटावा सूचना अधिकारी नीलम यादव जी का इटावा एक्सप्रेस टीम ने प्रतीक चिन्ह देकर किया सम्मानित



सच्ची निष्ठा ईमानदारी के लिए जानी जाती हैं सूचना अधिकारी श्रीमती नीलम यादव इटावा आपको बताते चलें कि इटावा सूचना अधिकारी श्रीमती नीलम यादव जी का इटावा एक्सप्रेस टीम ने इटावा एक्सप्रेस राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक समाचार पत्र का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया आपको बताते चलें कि पूर्व में रहे इटावा सूचना अधिकारी श्री मातादीन 30 जून को सेवानिवृत्त हो चुके है उनके बाद दिनांक 14



जुलाई 2022 से (वर्तमान) में श्रीमती नीलम यादव ने इटावा सूचना अधिकारी का कार्यभार संभाला इससे पहले औरैया में सूचना अधिकारी के पद पर तैनात रही जनपद औरैया में इलेक्ट्रोनिक और प्रिंट मीडिया के माध्यम से समय समय पर लोगों को जिला प्रशासन से संबंधित जानकारी प्रदान करती रही है। जनपद औरैया में सच्ची निष्ठा ईमानदारी में जानी जाती रही श्रीमती नीलम यादव व जनपद औरैया में सूचना विभाग कार्यालय में किसी भी प्रकार की लापरवाही किसी भी कर्मचारी को नहीं करनी दी वह अपनी डयूटी को सख्ती से पालन करने में जानी जाती रही औरैया का कार्यभार देखते हुए इटावा एक्सप्रेस टीम के संपादक राजीव कुमार यादव वं विनीत कुमार ने श्रीमती नीलम यादव को इटावा की धरती पर आने पर इटावा एक्सप्रेस टीम ने इटावा एक्सप्रेस न्यूज़ का प्रतीक चिन्ह देकर उनका भव्य स्वागत किया और इटावा सूचना अधिकारी श्रीमती नीलम यादव से इटावा एक्सप्रेस न्यूज़ की तरफ से आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास किया है कि जनपद इटावा में भी इलेक्ट्रोनिक और प्रिंट मीडिया के माध्यम से समय समय पर लोगों को जिला प्रशासन से संबंधित जानकारी प्रदान करती रहेंगी जिसमें उपस्थिति रहे इटावा एक्सप्रेस संपादक राजीव यादव, उप संपादक विनीत कुमार कानपुर मंडल ब्यूरो चीफ पवन सिंह, जिला ब्यूरो चीफ नंदकिशोर शाक्य , क्राइम रिपोर्टर आशुतोष दुबे, तहसील रिपोर्टर भरथना रामनरेश पोरवाल, ब्लॉक रिपोर्टर भरथना अंकित गौतम ,रंजीत सिंह, इटावा सिटी रिपोर्टर शशीकांत यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

## श्रीमती द्रौपदी मुर्मू को मिले 64ः वोट, साउथ से भी जमकर मिले वोट, यशवंत सिन्हा 3 राज्यों में शून्य



श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने जीता चुनाव राष्ट्रपति का श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने यशवंत सिन्हा को चुनाव में बड़े अंतराल से हराया श्रीमती द्रौपदी मुर्मू देश की 15वीं राष्ट्रपति होंगी

18 जुलाई को राष्ट्रपति चुनाव की वोटिंग हुई थी। 21 जुलाई को मतगणना में चुनाव जीत लिया है श्रीमती द्रौपदी मुर्मू देश की 15वीं राष्ट्रपति होंगी 25 जुलाई को श्रीमती द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रपति शपथ लेंगी दिल्ली भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति चुनाव जीत लिया है. तीसरे राउंड की गिनती में ही उन्होंने राष्ट्रपति बनने के लिए जरूरी 50 फीसदी वोट पा लिये थे. फाइनल नंबर आने तक जीत का अंतर और बढ़ गया था इस तरह यशवंत सिन्हा बड़े अंतर से चुनाव हार गये. राष्ट्रपति चुनाव के वोटों की गिनती कुल चार राउंड में हुई. राष्ट्रपति चुनाव में कुल 4754 वोट पड़े थे. गिनती के वक्त 4701 वोट वैध और 53 अमान्य पाये गए. कुल वोटों की वैल्यू 528491 थी. इसमें से श्रीमती द्रौपदी मुर्मू को कुल 2824 वोट मिले. इनकी वैल्यू 676803 थी. वहीं यशवंत सिन्हा को 877 वोट मिले. जिनकी वैल्यू 380177 रही. दिल्ली भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रपति चुनाव जीत गई हैं. वे देश की पहली महिला आदिवासी राष्ट्रपति होंगी. उन्होंने विपक्ष के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा को बड़े अंतर से चुनाव हराया राष्ट्रपति चुनाव में द्रौपदी मुर्मू को 64 फीसदी वोट मिले हैं. वहीं यशवंत सिन्हा को 36 फीसदी मत मिले. वोट और वैल्यू दोनों के लिहाज से मुर्मू को सबसे ज्यादा वोट-वैल्यू सांसदों के वोटों ने दिलाई. वहीं केरल से उनको सबसे कम वोट मिले. दूसरी तरफ यशवंत सिन्हा को आंध्र प्रदेश, नागालैंड और सिक्कम से वोट नहीं मिला.

श्रीमती द्रौपदी मुर्मू की जीत पर बी.एस. पी. प्रमुख बहिन मायावती जी का भी बयान आया है. उन्होंने लिखा कि शोषित व अति-पिछड़े आदिवासी समाज की महिला द्रौपदी मुर्मू को देश की राष्ट्रपति पद के लिए हुए चुनाव में भारी मतों से आज निर्वाचित होने पर उन्हें हार्दिक बधाई एवं ढेरों शुभकामनाएं.दी है उन्होंने कहा है कि वे एक कुशल व सफल राष्ट्रपति साबित होंगी, ऐसा देश को उम्मीद है. नेपाल के प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा ने द्रौपदी मुर्मू को भारत की राष्ट्रपति चुने जाने पर बधाई दी है. उन्होंने ट्वीट किया, मुझे विश्वास है कि नेपाल और भारत के बीच उत्कृष्ट द्विपक्षीय संबंध आने वाले दिनों में नई ऊंचाइयों को देखेंगे धर्मगुरु दलाई लामा ने भी मुर्मू को बधाई दी. उन्होंने कहा कि आप ऐसे वक्त में इस ऊंचे पद को संभाल रही हैं जब अंतरराष्ट्रीय समुदाय को भारत के महत्व के बारे में ज्यादा जागरूकता आ गई है. प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी अब द्रौपदी मुर्मू के आवास जा कर वह द्रौपदी मुर्मू की जीत पर उनको बधाई दी श्रीमती द्रौपदी मुर्मू की जीत पर अमित शाह ने लिखा कि एक अति सामान्य जनजातीय परिवार से आने वाली भारतीय जनता पाट की प्रत्याशी द्रौपदी मुर्मू का भारत का राष्ट्रपति चुना जाना पर पूरे देश के लिए अत्यंत गौरव का पल है, उन्हें बधाई देता हूं. वहीं जेपी नड्डा ने उनको बधाई देते हुए कहा कि जनजातीय समाज की महिला का राष्ट्रपति पद तक पहुंचना, देश के लिए स्वर्णिम क्षण हैं, मुझे विश्वास है कि आपके प्रशासनिक व सामाजिक कार्यो की दक्षता व अनुभव से राष्ट्र को अप्रतिम लाभ मिलेगा.इधर विपक्षी की पार्टियों के नेताओं ने भी श्रीमती द्रौपदी मुर्मू को जीतने पर बधाई दी है. राहुल गांधी ने लिखा कि देश का 15वां राष्ट्रपति बनने पर द्रौपदी मुर्मू को बधाई. वहीं दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने लिखा कि देश के 15वें राष्ट्रपति के रूप में निर्वाचित होने पर आदरणीय द्रौपदी मुर्मू को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं. वहीं बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने भी श्रीमती मुर्मू जी को बधाई दी है. वहीं द्रौपदी मुर्मू की जीत पर तेजस्वी यादव ने लिखा कि द्रौपदी मुर्मू को भारत के 15वें राष्ट्रपति के रूप में निर्वाचित होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

## प्रधानमंत्री मोदी जी ने जालौन से 296 किमी लंबे बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे का किया लोकार्पण, इन 5 जिलों की बल्ले बल्ले

जालौन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को जालौन में बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे का उद्घाटन किया. वह सुबह ही विमान से कानपुर एयरपोर्ट पहुंचे वहां सीएम योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत किया था. इसके बाद वह जालौन के लिए रवाना हो गए. बता दें कि बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पीएम मोदी की महात्वाकांक्षी परियोजनाओं में से एक है बताया जा रहा है जिसका शिलान्यास उन्होंने ही दो साल पहले कर दिया था.

दौरे से पहले सुरक्षा के कड़े इंतजाम पीएम मोदी के दौरे से पहले सुरक्षा चाक-चौबंद की गई. पीएसी पुलिस और अर्धसैनिक बलों को संवेदनशील इलाकों पर तैनात किया गया . शीर्ष पुलिस अधिकारी सीसीटीवी और पीटीजेड कैमरे के जरिए निगरानी रख रहे थे. बताया जा रहा है कि है कि जून में पीएम मोदी के कानपुर दौरे के दिन हिंसक घटनाएं हुई थीं और इसके बाद से ही ज्यादा सतर्कता बरती गई है. ऐसे में कानपुर जिला प्रशासन और पुलिस ने तैयारियों को अंजाम दिया और अराजक तत्व किसी तरह की अप्रिय घटना को अंजाम न दे पाएं, इसके लिए भी सभी जरूरी तैयारी की गई.

296 किलोमीटर के दायरे में फैले एक्सप्रेसवे से अब दिल्ली से चित्रकूट जाने का समय लगभग आधा हो जाएगा. पहले लगभग 12 से 14 घंटे लगते थे वहीं यह दूरी लगभग 6 घंटे में पूरी की जा सकती है. बताया जाता है कि इस एक्सप्रेसवे की जमीन खरीदने में 2200 करोड़ रुपये लगे थे और लगभग निर्माण 14,850 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं. एक्सप्रेसवे की दूसरी खासियत यह है कि इस पर 15 से ज्यादा फ्लाईओवर, 10 से अधिक बड़े पुल, 250 से अधिक छोटे पुल, 6 टोल प्लाजा और चार रेलवे पुल मौजूद हैं

Scanned with CamScanner

## एमपी,एमएलए जैसे ही पत्रकारों के भी फोन अवश्य रिसीव करें अधिकारी



यूपी के मुख्यमंत्री ने मंडल, रेंज, जोन और जनपद में तैनात वरिष्ठ प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की सीएम ने कांवड़ यात्रा के सुगम, शांतिपूर्ण आयोजन और स्वतंत्रता सप्ताह के सफल आयोजन को लेकर आदेश दिए हैं। सीएम ने कहा, सारे अफसर एमपी, एमएलए की तरह ही पत्रकारों से भी बात करेंगे। उनके फोन उठाएंगे। अगर कहीं व्यस्त हैं और फोन नहीं उठा पाये ,वापस कॉल बैक करेंगे।

## सेंटमेरी इन्टर कालेज के मेधावियों ने एक बार फिर श्रेष्ठता साबित की



कीर्ति श्रीवास्तव 97.6 व तनीशा अग्रवाल ने 97.6 प्रतिशत अंक पाकर टाप किया
आर्यन यादव 97 व माही अग्निहोत्री 97 प्रतिशत अंक पाकर सेकेंड ट पर रहे
आयुष पाल 96.4 व खुशी बाजपेयी 96.4 प्रतिशत अंक पाकर तीसरे स्थान पर रहे
सेंटमेरी के 9 मेधावियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक व 34 मेधावियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक व 96 मेधावियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर गौरवांवित किया इटावा सीबीएसई इन्टरमीडिएट 2021-22 सत्र के परीक्षा परिणाम में सेंटमेरी इन्टर कालेज इटावा के मेधावियों ने एक बार फिर श्रेष्ठता साबित की।प्रिंसिपल फादर जोबी जोसेफ के कुशल नेतृत्व व मैनेजर फादर बिंसन की देखरेख में सेंटमेरी के 9 मेधावियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर व 34 मेधावियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर गौरवांवित किया है सेंटमेरी इन्टर कालेज के प्रिंसिपल फादर जोबी जोसेफ ने बताया कि कीर्ति श्रीवास्तव 97.6 व तनीशा अग्रवाल 97.6 अंक पाकर संयुक्त रूप से टॉपर रहे,आर्यन यादव 97 व माही अग्निहोत्री 97 अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से सेकंड टॉपर रहे तथा आयुष पाल 96.4 व खुशी बाजपेई ने 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया है। वैष्णवी दीक्षित ने 96, प्रसून गुप्ता 95 व वरुण यादव 95 अंक प्राप्त किए हैं।इसी क्रम में आयुष शुक्ला 94. 8,अली इकरामा 94.6,हृदयेश कुमार 94. 4,हर्ष जैन 94.4,उदिति वर्मा 94.2,दिशा सिंघल 94,अभिनव यादव 93.2, आदित्य कुमार 92.8, जीवांशी सिंह 92.8,उदित पालीवाल 92.6, अंकित राठौर 92.4, दिव्या 92.2, रिषभ यादव 92.2,अनमता मलिक 92,शुभांगी मिश्रा 92,आर्यन अग्रवाल 92,विकास यादव 91.8, अनन्या केशरवानी 91.8,सौम्या यादव 91. 6,शिवांश सक्सेना 91, श्यामली 91,ईशान अमृत श्रीवास्तव 90.8,शिखर तिवारी 90. 8,मान्या श्रीवास्तव 90.4 व नकुल अग्रवाल ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सेंटमेरी इन्टर कालेज का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर सेंटमेरी इन्टर कालेज के प्रिंसिपल फादर जोबी जोसेफ,मेनेजर फादर बिनसन, वाइस प्रिंसिपल फादर विबिन, सिस्टर जिंसी व शिक्षकों ने सभी बच्चों को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए मिठाई खिलाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## बिजली तार चोर गिरोह के 5 सदस्यों को चोरी के लगभग 80 किग्रा तार सहित गिरफ्तार किया गया।




इटावा पुलिस द्वारा बिजली तार चोर गिरोह के 5 सदस्यों को चोरी के लगभग 80 किग्रा तार सहित गिरफ्तार किया गया। जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा जयप्रकाश सिंह के निर्देशानुसार चलाये जा रहे अभियान के क्रम एवं अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण इटावा के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी भरथना के नेतृत्व में थाना लवेदी पुलिस द्वारा बिजली तार चोर गिरोह के 5 सदस्यों को चोरी के लगभग 80 किग्रा तार सहित गिरफ्तार किया गया आपको बताते चलें कि दिनांक 26.4.2022 को एसडीओ चकरनगर रचित शर्मा द्वारा सूचना दी कि दिनांक 25.04.2022 की रात्रि को अज्ञात चोरों द्वारा टकरुपुरा से बाबा हमीरदास मंदिर तक करीब 28 मीटर तार काट लिये है। वादी की तहरीर के आधार पर थाना लवेदी पर मुकदमा अपराध संख्या 26/22 धारा 379 भादवि बनाम अज्ञात अभियोग पंजीकृत किया गया था। गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरण- दिनांक 20. 07.2022 को पुलिस टीम को मुखबिर द्वारा सूचना दी गयी कि बिजली के तारों के साथ कुछ व्यक्ति बाबा हमीरदास मंदिर जाने वाले मार्ग पर पुलिया के पास खडे है। मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा आवश्यक बल प्रयोग करते हुए घेराबंदी कर 5 अभियुक्तों को लगभग 80 किलोग्राम बिजली के तार सहित पकड लिया गया। पुलिस टीम द्वारा बरामद तार के संबंध में अभियुक्तों से पूछताछ करने पर अभियुक्तों द्वारा बताया कि यह तार हम लोगों द्वारा दिनांक 25.04. 2022 को टकरुपुरा से बाबा हमीरदास जाने वाले मार्ग पर लगे बिजली के खंभो से काटकर चोरी किये है। जिन्हें हम लोग आज बेचने जा रहे थे। उक्त बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 411 भादवि की बढोत्तरी की गयी है। गिरफ्तार हुए शिवम त्रिपाठी उर्फ कल्लू पुत्र स्व0 अतिवल कुमार त्रिपाठी निवासी दाउदपुर थाना लवेदी इटावा अनुप कुमार उर्फ बउआ पुत्र प्रकाश नारायण अवस्थी निवासी सब्दलपुर थाना लवेदी इटावा हरीकृष्ण पुत्र स्व0 श्री रामभरोसे निवासी सब्दलपुर थाना लवेदी इटावा राकेश त्रिपाठी उर्फ भूरे पुत्र स्व0 श्री किशनस्वरुप त्रिपाठी निवासी दाउदपुर थाना लवेदी इटावा अजय कुमार पुत्र राजकुमार निवासी सब्दलपुर थाना लवेदी इटावा बरामदगी 80 किलो ग्राम बिजली का तार ( चोरी का ) पंजीकृत अभियोग- मुकदमा अपराध संख्या 26/22 धारा 379,411 भादवि थाना लवेदी इटावा ।पुलिस टीम- उप निरीक्षक विश्वनाथ मिश्रा थानाध्यक्ष लवेदी, उप निरीक्षक अजय कुमार, कांस्टेबल उपेन्द्र , कांस्टेबल रंजीत कुमार,कांस्टेबल विकास,कांस्टेबल विपिन।

## निलंबित, भ्रष्टाचार के खिलाफ एक्शन में योगी सरकार

सीएम योगी आदित्यनाथ के कड़े रुख के बाद कई अधिकारियों पर गाज गिरी है. सीएम के आदेश पर फिर PWD के पांच अफसरों -कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया
लखनऊरू उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग (PWD) में हुए तबादलों में धांधली को लेकर यूपी सरकार एक्शन में दिख रही है. अब इस मामले में दोषियों पर कार्रवाई शुरू हो चुकी है. सीएम योगी आदित्यनाथ के कड़े रुख के बाद कई अधिकारियों पर गाज गिरी है. सीएम के आदेश पर फिर PWD के पांच कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया.
अब पीडब्ल्यूडी के विभागाध्यक्ष व प्रमुख अभियंता (विकास) मनोज कुमार गुप्ता, प्रमुख अभियंता (परि./नियो.) राकेश कुमार सक्सेना व वरिष्ठ स्टाफ ऑफिसर (ई-2) शैलेन्द्र कुमार यादव, प्रशासनिक अधिकारी व्यवस्थापन वर्ग पंकज दीक्षित व प्रधान सहायक व्यवस्थापन 'घ' वर्ग संजय कुमार चौरसिया पर निलंबन की कार्रवाई की गई है. इससे पहले सीएम योगी ने पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद के ओएसडी अनिल कुमार पांडेय को हटा दिया था. दरअसल लोक निर्माण विभाग (PWD) में तबादलों के बाद बड़े पैमाने पर गड़बड़ी के आरोप लगे थे और इसकी लगातार शिकायतें मिल रही थीं. आरोप था कि जेई, एई, एक्सईएन, एसई, सीई के समस्त तबादले बैक डेट में किए गए हैं. इसके बाद मामले की जांच शुरू की गई थी. जांच में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के संकेत मिले थे. इसके बाद यह कार्रवाई की गई है।

## इटावा रेवाणी से कानपुर जा रही HPCL कंपनी की भूमिगत तेल पाइपलाइन में क्लैम्प लगाकर तेल चोरी करने का प्रयास करने वाले गिरोह के चार शातिर



## बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया,

पुलिस ने गिरफ्तार बदमाशो के पास से एक बुलेरो गाड़ी एक टैंकर बरामद किया,
गिरफ्तार सभी बदमाश मैनपुरी जनपद के निवासी, बीते 30जून को HPCL कंपनी के ऑपरेशन मैनेजर प्रशांत शर्मा ने थाना भरथना क्षेत्र के सैफी गांव के पास भूमिगत पाइलाइन से तेल चोरी करने का प्रयास करने का मुकदमा दर्ज करवाया गया था, क्राइम ब्रांच टीम और थाना भरथना पुलिस ने की तेल चोरों की गिरफ्तारी।

## शफीक अहमद आजीवन



## सदस्य बन

शहर के प्रतिष्ठित व्यापारी श्री शफीक अहमद बनारस शृंगार पैलेस ने अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ( पंजी ) की आजीवन सदस्यता ग्रहण की जिला अध्यक्ष जागेश्वर प्रसाद अग्रवाल जिला प्रभारी मनोज अग्रवाल जिला महामंत्री धर्मेंद्र कुमार जैन ने व्यापार मंडल की सदस्यता रसीद प्रमाण पत्र फूल माला पहनाकर स्वागत किया इस मौके पर जिला कोषाध्यक्ष सर्वेश चौहान महिला जिला अध्यक्ष मीना सिंह राजपूत जिला उपाध्यक्ष सतीक मंसूरी लल्लू वारसी जिला मंत्री संतोष कुमार इकरार अहमद युवा जिला महामंत्री रंजीत

Scanned with CamScanner

# फिरोजाबाद

## नो हेलमेट नो पेट्रोल अभियान अपडेट दिनाँक 21 जुलाई–2022

इटावा एक्सप्रेस जिला संवाददाता गौरव



शासन की शीर्ष प्राथमिकताओं में शामिल सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु एवं दुर्घटना में होने वाली मृत्यु दर को कम करने के क्रम में दिनाँक 21 जुलाई 2022 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा थाना रसूलपुर पर हेलमेट वितरण कर आमजनों को हेलमेट का उपयोग करने के प्रति जागरूक किया गया। जनपद में पेट्रोल पम्प एसोशिएसन के सहयोग से दिनांक 6 जुलाई 2022 से नो हेलमेट नो पेट्रोल अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें लोगो को हेलमेट पहनने हेतु जागरूक किया जा रहा है। अभियान के अन्तर्गत अलग–अलग सड़क दुर्घटनाओं में हेलमेट पहनने की वजह से अब तक कुल 11 लोगों की जान बची है। जिसमें दिनाँक 20 जुलाई 2022 को थाना नारखी क्षेत्र में सडक दुर्घटना में हेलमेट पहनने की वजह से एक व्यक्ति की जान बच सकी थी परन्तु पीछे बाइक पर बैठी महिला जो हेलमेट नहीं लगाई हुयी थी, उसकी असमय मृत्यु हो गयी। एस एस पी महोदय द्वारा ना सिर्फ चालकों को अपितु पीछे बैठने वालों के लिये भी हेलमेट वितरण कर उन्हें भी हेलमेट लगाने हेतु जागरूक किया गया। एसएसपी महोदय द्वारा सभी आमजनों से अपील की गयी है कि आपका जीवन अमूल्य है घर पर आपका परिवार आपका इन्तजार कर रहा है। सभी आमजन हेलमेट जरूर पहनने क्योकि आपके द्वारा पहना गया हेलमेट आपके जीवन और मृत्यु के बीच का अन्तर बन सकता है। अत: सभी यातायात के नियमों का पालन अवश्य करें एवं अपने रिश्तेदारों व पडोसियों को हैलमेट लगाने के प्रति जागरूक करें। पुलिस के डर से नहीं अपनी स्वयं की सुरक्षा हेतु हैलमेट लगाएँ और एक जिम्मेदार नागरिक का फर्ज निभाएँ। समस्त थाना प्रभारी एवं यातायात प्रभारी द्वारा अभियान के अन्तर्गत अपने अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत खासकर दुपहिया वाहनों पर हैलमेट लगाकर न चलने वालों के विरूद्ध प्रभावी विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## फिरोजाबाद– प्रतिबंधित पॉलीथिन का प्रयोग करते हुए आठ दुकानदारों पर हुई कार्रवाई

फिरोजाबाद। सोमवार को नगर आयुक्त घनश्याम मीणा के निर्देशानुसार नगर निगम टीम द्वारा सिंग्ल यूज प्लास्टिक के खिलाफ अभियान चलाया गया। टीम ने प्रतिबंधित पॉलीथिन का प्रयोग करते हुए आठ दुकानदारों पर कार्रवाई करते हुए 37 हजार रूपए का शमन शुल्क बसूल किया। नगर निगम टीम द्वारा कोटला रोड एवं नगला करन सिंह क्षेत्र में चलाये गये प्रतिबंधित सिंग्ल यूज पॉलीथिन अभियान के दौरान पॉलॉथिन का प्रयोग करते हुये कोटला रोड सब्जी मंडी के व्यापारी सौख के पास से नौ सौ ग्राम प्रतिबंधित पॉलीथिन मिलने पर पॉच हजार, राजकुमार के पास से चार सौ ग्राम पॉलीथिन मिलने पर दो हजार, राय सिंह के पास नौ सौ पचास ग्राम एवं भवर सिंह के यहां से आठ सौ पचास ग्राम प्रतिबंधित पॉलीथिन मिलने पर पांच–पांच हजार रूपये लगाया है। वहीं रघुवीर सिंह के पास से नौ सौ दस ग्राम पॉलीथिन मिलने पर पांच हजार रूपये का जुर्माना लगाया। नगला करन सिंह क्षेत्र के शैलेश, कमलेश जैन एवं भोले नाथ के यहां से प्रतिबंधित पॉलीथिन मिलने पर पांच–पांच हजार रूपये का जुर्माना लगाया गया। इस दौरान कुछ दुकानदारों के द्वारा अभियान का विरोध भी किया गया। लेकिन नगर निगम की टीम के द्वारा उन्हे समझा कर शांत करा दिया गया। इस दौरान नगर निगम एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## अंग्रेजी शराब व वियर के ठेका पर ताबड़ तोड़ चौकिंग

रिपोर्ट तारासिंह शिकोहाबाद



थाना शिकोहाबाद के अंतर्गत उपजिलाधिकारी शिवध्यान पांडे क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद कमलेश कुमार आबकारी इंस्पेक्टर चेतना सिंह, थाना प्रभारी प्रदीप कुमार मैनपुरी चौराहे पर अंग्रेजी शराब व वियर के ठेका पर ताबड़ तोड़ चौकिंग सुरु, सभी पुलिस प्रशासन के आलाअधिकारी मैनपुरी चौराहे पर मौजूद रहे जहां की गई शराब के सरकारी ठेकों पर जबरदस्त चौकिंग लापरवाही मिलने पर होगी कड़ी कार्यवाही

## फिरोजाबाद पुलिस ने की मानवता ओर ईमानदारी की मिसाल पेश

जी हाँ बिल्कुल पुलिस पर आए दिन तरह



तरह के आरोप लगते देखे होंगे लेकिन फिरोजाबाद में एक तस्वीर ऐसी भी निकल कर आयी है जिससे ऐसे पुलिस अफसर को एक बार सलाम करने का दिल जरूर करेगा हम बात कर रहे थाना टुंडला में तैनात दरोगा राजेश चौधरी की दरोगा राजेश चौधरी को एक आटो चालक ने एक बैग टुंडला चोराहे पर देते हुए बताया कि फिरोजाबाद की एक सवारी अपना बैग भूल गयी है फिर क्या था दरोगा जी ने तत्काल सवारी की तलाश शुरू कर यात्री को ढूंढ निकाला और उसको खोया हुआ बैग उसको वापस कर दिया अपना बैग पाकर यात्री काफी खुश हुआ और चोराहे अपर तैनात दरोगा राजेश चौधरी का शुक्रिया अदा किया दरोगा के इस काम की चोराहे पर मौजूद लोगों ने काफ़ी प्रसंसा की।

## जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर दिनेश कुमार प्रेमी ने स्वास्थ्य केंद्रों का किया निरीक्षण

रिपोर्ट–सिद्धार्थ तिवारी इटावा एक्सप्रेस



मुख्य चिकित्सा अधिकारी अधोहस्ताक्षरी द्वारा शहरी क्षेत्र जनपद फिरोजाबाद में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दीदामई, नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हाजीपुरा एवं रहमतनगर क्षेत्र में निरीक्षण किया गया तो निम्नलिखित स्थिति पायी गयी–

1– सर्वप्रथम प्रात: 09.55 बजे नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हाजीपुरा जनपद फिरोजाबाद पर निरीक्षण किया गया जहाँ पर डाक्टर इमरान सलीम, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी नगरीय पी.एच.सी. हाजीपुरा, श्रीमती रीना ए.एन.एम., श्रीमती गौरी तौमर ए.एन.एम. श्रीमती सरोज ए.एन.एम., श्रीमती कमल लता ए.एन.एम., श्रीमती आरती यादव ए.एन.एम., श्री अजय एल.टी. , श्री प्रमोद कुमार टी.बी.एच.वी., श्रीमती मीरा देवी स्टाफ नर्स अनुपस्थित पाये गये। जिनका अनुपस्थित अवधि का वेतन/मानदेय कटौती के लिये निर्देशित किया गया।

2– प्रात: लगभग 11.30 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दीदामई पर निरीक्षण किया गया जहाँ पर डाक्टर कुलदीप कुमार आयुष चिकित्सक , रवीकान्त टी.बी.एच.वी. अनुपस्थित पाये गये तथा हेम कुमार सोनी लिपिक, दिनांक 11.7.2022 से दिनांक 22.7.2022 तक लगातार अनुपस्थित पाये गये। जिनका अनुपस्थित अवधि का वेतन/मानदेय कटौती के लिये निर्देशित किया गया।

3– उक्त के उपरान्त रहमत नगर क्षेत्र में संक्रामक रोग नियंत्रण अभियान के तहत निरीक्षण किया गया जहाँ पर मोहम्मद नफीस, इस्फाक एवं रहिमत के घरों में डेंगू का लार्वा पाया गया जिसे तत्काल नष्ट कराया गया एवं नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की गयी साथ ही आम जनमानस को जागरूक किया गया कि वह नियमित रूप से कूलर, गमलों, फ्रिज के पीछे की ट्रे, टायर, एवं छतों पर पड़े वर्तनों को साफ करें एवं कहीं भी जल–भराव न होने दे

1– सम्बन्धित अधीक्षक/प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, सी0एच0सी0/ पी0एच0सी0 CHC दीदामई/ नगरीय PHC हाजीपुरा को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ।

2– लेखा अनुभाग कार्यालय / एन0 एच0 एम0 को इस आदेश के साथ कि उक्त अनुपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों का अनुपस्थि अवधि का वेतन बिना मुख्य चिकित्सा अधिकारी फिरोजाबाद की संस्तुत (अनुमति) के आहरित न किया जाये।

## थाना जसराना पुलिस टीम द्वारा वाहन चोर गैंग के सदस्य अभियुक्त भानू को चोरी की कार मय एक तमंचा 315 बोर व 02 जिंदा कारतूस के साथ किया गिरफ्तार



।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के द्वारा वाहन चोरी करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक देहात के निर्देशन में एवं क्षेत्राधिकारी जसराना के कुशल नेतृत्व मे थाना जसराना पुलिस टीम द्वारा दिनांक 21.07.2022 को रात्रि गश्त एवं चौकिंग संदिग्ध वाहन / व्यक्ति के दौरान वाहन चोर गैंग के सदस्य अभियुक्त भानू उर्फ भानू प्रताप निवासी ग्राम झपारा थाना जसराना जनपद फिरोजाबाद को कन्या डिग्री कालेज के सामने से गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से एक चोरी की कार (ह्यूडई वरना) मय एक अदद तमंचा 315 बोर मय 02 जिदा कारतूस 315 बोर बरामद की गयी। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर थाना जसराना पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त को जेल भेजा जा रहा है।

## जनपद फिरोजाबाद में बृहद स्तर पर चलाया गया बैंक / एटीएम चौकिंग अभियान'




बैंक / एटीएम के आसपास व अन्दर वाहन / व्यक्तियों को किया गया चौक साथ ही जनपद के मुख्य चौराहों, भीडभाड़ वाले स्थानों पर पुलिस रही पूर्ण मुस्तैद। दिनांक 22 – 07 –2022 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के आदेशानुसार जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में पडने वाली बैंकों में अन्दर बाहर व एटीएम के आसपास संदिग्ध वाहन / व्यक्ति चौकिंग अभियान चलाया गया जिसमें जनपद के समस्त थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी मय पुलिस टीम द्वारा अपने–अपने थाना क्षेत्रों में पडने वाली बैंक, एटीएम, मुख्य चौराहों, बाजारों, भीडभाड वाले स्थानों आदि पर संदिग्ध व्यक्ति / वाहनों की चौकिंग की जा रही है। बैंक के अन्दर आने वाले प्रत्येक व्यक्तियों को चैक किया गया साथ ही बैंक में आने जाने वाले आमजन के लिए बने आगन्तुक रजिस्टर को चैक किया गया एवं शाखा प्रभारी से वार्ता कर उनकी समस्याओं के बारे में पूछते हुए बैंक अलार्म एवं सीसीटीवी कैमरों को चैक किया गया। जनपद पुलिस आमजन की सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कटिबद्ध है।

Scanned with CamScanner

## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा जनपद के प्रत्येक थाना व चौकियों में वश्चल पेन्टिंग के जरिये शुरु की गयी नयी पहल।



थाने की कार्यवाही से असंतुष्ट फरियादी सम्बंधित क्षेत्राधिकारी कार्यालय से सम्पर्क कर करा सकेंगे अपनी शिकायत का निस्तारण। फरियादियों की सहायता / शिकायतों के निस्तारण हेतु प्रत्येक थाना / चौकी की दीवारों पर सम्बंधित क्षेत्राधिकारी के मो0न0 व कार्यालय के पते की कराई गयी है व ल पेन्टिग दिनांक 16-07-2022 से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा जनपद वासियों की शिकायत के त्वरित एवं गुणवक्तापूर्ण निस्तारण हेतु जनपद के समस्त थानों व चौकी क्षेत्रों में थाने की कार्यवाही से असंतुष्ट होने पर क्षेत्राधिकारी के कार्यालय पर सम्पर्क करें लिखित व ल पेन्टिंग अंकित करायी गयी है। जिससे थाने की कार्यवाही से असंतुष्ट फरियादी अपनी शिकायत सम्बंधित क्षेत्राधिकारी से फोन पर सम्पर्क कर या उनके कार्यालय पर मिलकर अपनी समस्या का निस्तारण करा सकते हैं। इस पहल का मुख्य उद्देश्य आमजन की

थाना रसूलपुर-फिरोजाबाद
थानें की कार्यवाही से असन्तुष्ट होने पर सी.ओ. कार्यालय
नगला भाऊ तहसील परिसर
मो. 9454401253 पर सम्पर्क करें

समस्या का त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना है। जिससे आमजन को थाना / चौकियों / पुलिस कार्यालय के अनावश्यक चक्कर ना काटने पड़ें, उनको प्रथमत: थाना स्तर अथवा सम्बंधित क्षेत्राधिकारी कार्यालय स्तर से ही अपनी समस्या का समाधान मिल जाये। चलाये जा रहे 'वाल पेन्टिंग अभियान' के क्रम में जनपद में अभी तक कुल '110 व ल पेन्टिंग' करायी जा चुकी है।

## थाना नगला खंगर पुलिस टीम द्वारा हत्या के प्रयास के दो अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार




वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन में एवं क्षेत्राधिकारी सिरसागंज के कुशल नेतृत्व में थाना नगला खंगर पुलिस टीम द्वारा भदान चौराहे पर चौकिंग संदिग्ध व्यक्ति / वाहन नो हेलमेट नो पैट्रोल अभियान के दौरान थाना नगला खंगर से मुकदमा अपराध संख्या 61/2022 धारा 323/504/506/307 भादवि से सम्बन्धित अभियुक्तगण 1. सौरभ पुत्र वीरेन्द्र कुमार उर्फ त्रिलोकी 2. अर्जुन पुत्र वीरेन्द्र कुमार उर्फ त्रिलोकी को ग्राम भदान से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण को माननीय न्यायालय फिरोजाबाद के समक्ष पेश किया गया है।

## फिरोजाबाद की मेयर नूतन राठौर वार्ड नंबर 34 श्रीपाल कश्वलोनी के लोगों के भविष्य के साथ कर रही हैं खिलवाड़



मोहल्ला वासियों का आरोप वार्ड नंबर 34 का पार्षद सत्येंद्र सविता श्रीपाल कालोनी की गली को देखने तक कोई भी नहीं आता है,
बस्ती के लोगों का कहना है कि सड़क नहीं बनी तो कोटला रोड पर जाम लगाकर काटेंगे हंगामा, आपको बताते चलें कि फिरोजाबाद वार्ड नंबर 34 श्रीपाल कालोनी का मामला है जहां क लोनी के लोगों ने पत्रकारों को बताया की हम कई बार शिकायत लिख कर दे चुके पर हमेशा झूठे वादे करके टाल दिया जाता है फिरोजाबाद की मेयर नूतन राठौर योगी सरकार को ठेंगा दिखा रही हैं भारत सरकार व प्रदेश सरकार लगातार स्वच्छ भारत मिशन चला रही है लेकिन फिरोजाबाद की मेयर नूतन राठौर सरकार को ठेंगा दिखा रही है बस्ती के लोगों का कहना है कि नाली व सड़क का पानी घरों में घुसता है जिससे हम लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है प्रशासन से कई बार शिकायत लेकर गए लेकिन मेरी कोई सुनवाई नहीं की गई बच्चों को स्कूल जाने में भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बस्ती के लोगों ने बताया कि अगल-बगल सामने की तीनों गलियां बनी है सिर्फ यही एक बंद गली छोड़ रखी है जो अभी तक ना बनी है ना बनवा रहे हैं बरसात में गंदगी के साथ कमर तक पानी भर जाता है जिससे लोगों को निकलने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है आए दिन बिजली के तार भी टूट जाते हैं जो पानी में गिरने से पूरी गली में करंट आ जाता है जिससे बच्चों की जानमाल को खतरा बना रहता है और जब घरों व सड़कों में पानी भरा रहेगा तो बच्चे स्कूल कैसे जाएंगे और तमाम तरह की बीमारियां बच्चों तथा बस्ती के लोगों को होगी जबकि बच्चे इस देश के भविष्य हैं और देश के इन नौनिहाल बच्चों के भविष्य के साथ मेयर नूतन राठौर और पार्षद सत्येंद्र सविता खिलवाड़ कर रहे है
अब देखते हैं खबर चलने पर प्रशासन व मेयर नूतन राठौर कहां तक सुनवाई करती है, शिकायतकर्ताओ में मुख्य रूप से मनमोहन, पुष्पेंद्र, मुकेश, ज्योति ,रिंकू लाल, भूपेंद्र ,ओमवती, रजनी, पूनम, रेखा, आशा, कृष्णा देवी , कविता, नीतू शर्मा, संध्या शर्मा, किरन प्रजापति, विजयपाल प्रजापति, अरविंद सविता, राजवीर कुशवाह, बृजेंद्र भारद्वाज, अनुभव पंडित, अटल भारद्वाज आदि लोग मौजूद थे
ब्यूरो रिपोर्ट गौरव तेंनगुरिया जिला संवाददाता इटावा एक्सप्रेस फिरोजाबाद

## रूपये लेकर शादी करने और चुपके से माल बटोरकर रफूचक्कर होने वाली दूल्हन को शिकोहाबाद पुलिस ने किया गिरफ्तार



रूपये लेकर शादी करने और चुपके से माल बटोरकर रफूचक्कर होने वाली दूल्हन को शिकोहाबाद पुलिस ने वादी पक्ष की सूचना पर रविवार को आखिर पकड़ ही लिया, जिसने शादी का खेल खेलते हुए अब तक कई लोगों को अपना शिकार बनाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना शिकोहाबाद के अंतर्गत पथवारी गली स्थित मंदिर के पीछे रहने वाले वादी पक्ष के राजू पुत्र नरेश शर्मा की सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए महिला उपनिरिक्षक रजनी वर्मा ने अभियुक्त रिया मिश्रा पुत्री किशन लाल को एटा चौराहा से गिरफ्तार कर लिया। महिला उपनिरिक्षक रजनी वर्मा ने बताया कि अभियुक्त रिया मिश्रा पर फज शादी करने के कई मुकदमें चल रहे हैं और यह कभी पकड़ में नहीं आई। आईपीसी के तहत मुकदमा अपराध संख्या 494 / 22 धारा 420१ 120 बी 494 १506 पंजीकृत किया गया है।

## थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा 3 शातिर चोरों को चोरी की एक गाडी सहित किया गिरफ्तार

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा वाहन चोरी, लूट आदि करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये गये अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के कुशल निर्देशन में एवं क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में अलग अलग टीमें तैयार की गयी थीं। उक्त अभियान के अनुपालन में थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा चौकिंग संदिग्ध व्यक्ति / वाहन के दौरान दिनाँक 19. जुलाई.22 को मुखबिर की द्वारा सूचना पर फतेहाबाद रोड से अभियुक्तगण 1. सुजीत कुमार तिवारी 2. दीपक यादव 3. प्रदीप कश्यप को गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से एक गाडी टाटा आरएक्स 207 नम्वर यू0पी0 77 एन 9862 रंग सफेद लोडर बरामद हुई।

'पूछताछ का विवरण:-
दौराने पूछताछ विशेष तथ्य संज्ञान में आया कि बरामद की गयी गाडी अभियुक्तगण उपरोक्त द्वारा फजलगंज कानपुर से दिनाँक 16.07.22 को चोरी की गयी है। अभियुक्तगण द्वारा वताया गया कि भिन्न भिन्न जनपदों से वाहन चोरी कर सस्ते रुपयों में वेच देते है।





गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर थाना रसूलपुर पर मुकदमा अपराध संख्या 280/22 धारा 41/102 सीआरपीसी व 411 भादवि वनाम 1. सुजीत कुमार तिवारी 2. दीपक यादव पुत्र 3. प्रदीप कश्यप उपरोक्त पंजीकृत कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। **नाम पता गिरफ्तार शुदा अभियुक्तगण:-**

1. सुजीत कुमार तिवारी पुत्र श्री अमरनाथ तिवारी निवासी 83/140 छोटी जूही परम पुरवा बारादेवी थाना जूही दक्षिण कमिश्नरेट कानपुर नगर।
2. दीपक यादव पुत्र श्री प्रेमलाल यादव निवासी 83/140 छोटी जूही परम पुरवा बारादेवी थाना जूही दक्षिण कमिश्नरेट कानपुर नगर।
3. प्रदीप कश्यप पुत्र श्री पंचराम कश्यप निवासी 83/140 छोटी जूही परम पुरवा बारादेवी थाना जूही दक्षिण कमिश्नरेट कानपुर नगर।

**बरामदगी का विवरण:-**

1. एक अदद गाडी टाटा आरएक्स 207 नम्वर यू0पी0 77 एन 9862 रंग सफेद लोडर चौसिस नं0MAT478012C9D16927 इन्जन नं0 497SP38DXY624625

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम:-**

1. उप निरीक्षक धीरेन्द्र सिंह थाना उत्तर फिरोजाबाद।
2. हेड कांस्टेबल 183 बबलू 3. हेड कांस्टेबल 748 राजेश गौतम थाना उत्तर फिरोजाबाद।
4. कान्स्टेबल 958 राहुल कुमार 5. कान्स्टेबल 101 नवीन कुमार 6. कांस्टेबल 477 रिन्कू कुमार थाना उत्तर फिरोजाबाद।

Scanned with CamScanner

# विविध

## शिव पूजा का महत्व –



**कथा प्रवक्ता डॉ मयंक चतुर्वेदी ने श्रावण मास में बताया** कि पौराणिक मान्यता के अनुसार श्रावण महीने को देवों के देव महादेव भगवान शंकर का महीना माना जाता है। इस संबंध में पौराणिक कथा है कि जब सनत कुमारों ने महादेव से उन्हें श्रावण महीना प्रिय होने का कारण पूछा तो महादेव भगवान शिव ने बताया कि जब देवी सती ने अपने पिता दक्ष के घर में योगशक्ति से शरीर त्याग किया था, उससे पहले देवी सती ने महादेव को हर जन्म में पति के रूप में पाने का प्रण किया था। डॉ. मयंक चतुर्वेदी ने बताया अपने दूसरे जन्म में देवी सती ने पार्वती के नाम से हिमाचल और रानी मैना के घर में पुत्री के रूप में जन्म लिया। पार्वती ने युवावस्था के श्रावण महीने में निराहार रह कर कठोर व्रत किया और उन्हें प्रसन्न कर विवाह किया, तब से महादेव के लिए यह माह विशेष हो गया।श्रावण में शिवशंकर की पूजा श्रावण के महीने में भगवान शंकर की विशेष रूप से पूजा की जाती है। इस दौरान पूजन की शुरुआत महादेव के अभिषेक के साथ की जाती है। अभिषेक में महादेव को जल, दूध, दही, घी, शक्कर, शहद, गंगाजल, गन्ना रस आदि से स्नान कराया जाता है। अभिषेक के बाद बेलपत्र, समीपत्र, दूब, कुशा, कमल, नीलकमल, अ क मदार, जंवाफूल कनेर, राई फूल आदि से शिवजी को प्रसन्न किया जाता है। इसके साथ की भोग के रूप में धतूरा, भाँग और श्रीफल महादेव को चढ़ाया जाता है।

## गुणकारी नींबू के विविध प्रयोग



### चक्कर आना

प्रात: नींबू की मीठी शिकंजी पीने से उठते बैठते समय आने वाले चक्कर ठीक हो जाते हैं।

**खुजली–**
नहाने से पहले नींबू की फांक में पिसी हुई फिटकरी भरकर खुजली वाली जगह पर रगड़े 10 मिनट बाद स्नान करें खुजली में लाभ होगा।

**सिरदर्द–**
नींबू के छिलके पीसकर सिर पर लेप करने से सिर दर्द में लाभ होता है

**खांसी –** आधे नींबू का रस और 2 चम्मच शहद मिलाकर चाटने से तेज खांसी श्वास जुखाम में लाभ होता है

**उल्टी–** आधा कप पानी में 15 बूंद नींबू का रस बना एवं पिसा हुआ जीरा पिसी हुई एक छोटी इलायची मिलाकर हर आधे घंटे में पिए इससे उलटी में लाभ होता है

**खट्टी डकारे–**
यदि खट्टी डकारे आती हो तो गर्म पानी में नींबू निचोड़ कर पीयें।

**गैस –**
एक चम्मच नींबू का रस एक चम्मच पिसी हुई अजवाइन आधा कप गर्म पानी में मिलाकर सुबह शाम पीने से गैस में आराम मिलता है

**गला बैठना गले में दर्द** – होने पर एक गिलास गर्म पानी में नमक और आधा नीबू निचोड़ कर सुबह शाम गरारे करें

**आमवात गठिया जोड़ों के दर्द–**
में नित्य प्रात: एक गिलास पानी में एक नींबू निचोड़ करके नींबू की फांक दर्द वाली जगह पर रगड़ कर फिर आधा घंटे बाद स्नान करें

**नेत्र ज्योतिवर्धक–**
एक गिलास पानी में एक नींबू निचोड़ कर प्रात: भूखे पेट हमेशा पीते रहे नेत्र ज्योति ठीक बनी रहेगी इससे पेट साफ रहता है शरीर स्वस्थ रहता है निरोग रहने का है प्राथमिक उपचार है।

## योग शिक्षा का महत्व

योग एक मानसशास्त्र है जिसमें मन को संयत करना और पाशविक ब्रक्तियों से खींचना सिखाया जाता है जीवन की सफलता किसी भी क्षेत्र में संयत मन पर ही निर्भर करती है मन संयम का अभिप्राय है किसी का एक समय में किसी एक वस्तु पर चित्त का एकाग्र होना दीर्घकाल तक अभ्यास करने से मन का ऐसा स्वभाव बन जाता है किसी विषय को सोचते या किसी काम को करते हुए मन उस पर एकाग्र रहे ऐसा अभ्यास करना आरंभ में तो बड़ा कठिन होता है पर जब अभ्यास करते करते वैसा स्वभाव बन जाता है तब उससे बड़ा सुख होता है योग स्वयं कोई धर्म संप्रदाय या धर्म विषयक तत्वज्ञान नहीं है प्रत्युत यह संसार के सभी धार्मों और तत्वज्ञानों का सहायक है इसे किसी धार्मिक सिद्धांत का प्रचार नहीं समझना चाहिए संसार के सभी धर्मावलंबियों को इसके द्वारा यह शिक्षा मिलती है कि किस प्रकार अपनी अपनी धर्म विषयक बातों में मन को एकाग्र करने से शांति और आनंद प्राप्त होता है यह नहीं समझना चाहिए कि यह शिक्षा केवल योगियों के लिए ही है योगी शब्द से व्यापक अर्थ लिया जाए तो जो कोई संसार में सदाचार से रहकर जीवन को सफल करना चाहता है वही योगी है सभी धर्म यह बतलाते हैं कि सदाचार ही स्वर्ग का शुभम मार्ग है योग में सदाचार का अर्थ केवल सामाजिक शिष्टाचार नहीं है बल्कि आहार–विहार तथा मानसिक संतुलन का भी नियम है आधुनिक सभ्यता की सब बुराइयों की जड़ आहार–विहार के विषय में किसी मर्यादा का ना होना तथा विषयभोग और धार्मिकता ही है सच्चे सदाचारी मनुष्यों को संसार के किसी न किसी धर्म को मानकर चलने में कोई कठिनाई नहीं होती है सदाचार और धर्म एक दूसरे के रक्षक हैं विज्ञान भी धर्म या सदाचार का विरोध नहीं है यौगिक जीवन का अर्थ संक्षेप में शरीर का युक्त व्यायाम सादा सात्विक आहार और सदविद्या का अध्ययन है कोई भी वैज्ञानिक क्या इस प्रकार के जीवन को बुरा बता सकता है योग सूत्रों में यौगिक जीवन का फल है जीव मात्र का कल्याण यह सांप्रदायिक नहीं है न इसमें अंधविश्वास की कोई बात है यह सबका उप कारक प्रत्यक्ष योग है।

## आज का महत्व

संसार में समय की महिमा का सर्वत्र गायन किया गया है शास्त्रों ने काल को सास्वत माना है भारत के प्रख्यात राजनीतिक आचार्य चाणक्य महोदय के समय संपदा के महत्व विषयक विचार विशेष रूप से विचारणीय है कोटि स्वर्ण मुद्रा देने पर भी जीवन का एक क्षण प्राप्त नहीं हो सकता वह यदि वृथा नष्ट हो जाए तो इससे अधिक हानि क्या होगी एक प्रसिद्ध विचारक ने कहा है कि कोई घड़ी ऐसी नहीं बन सकती जो एक बार बीते हुए समय को सामने ला सके वास्तव में खोई हुई संपदा परिश्रम से पुन: प्राप्त की जा सकती है भूला हुआ ज्ञान अध्ययन से प्राप्त हो सकता है गवाया हुआ स्वास्थ्य औषधि एवं संयम से लौटाया जा सकता है परंतु नष्ट हुआ समय तो सदा के लिए चला जाता है भूतकाल की चर्चा करना व्यर्थ है क्योंकि वह लौटने वाला नहीं है इतना ही सोचा जाना उचित है कि जो शेष है वह विशेष है महत्वपूर्ण है समय निकल जाने पर मात्र पश्चाताप करना ही रह जाता है पश्चाताप के संबंधों में किसी विद्वान ने कहा है उड़ गया मेरा समय जैसे विहंगम, और खाली हाथ जीवन रह गया है, अवसर की तलाश में रहना उचित नहीं बुद्धिमानों के लिए हर समय अवसर है वे न किसी का साथ ढूंढते हैं और न किसी के सहारे की आशा में ही रहते हैं अत: समय के महत्व को समझते हुए आलस्य रहित होकर अत्यंत मनोयोग पूर्वक प्राणी मात्र को अपना कर्तव्य कर्म करते रहना चाहिए इस दुर्लभ मानव शरीर की परमगति, परम पुरुषार्थ रूप मोक्ष के लिये अहर्निश निर्वाणप्रद ब्रह्म का ध्यान करना चाहिए क्योंकि इस परिवर्तनशील संसार में प्रत्येक वस्तु नश्चर है एयरटेल कल की संदेहात्मक स्थित जानकर आज ही अपने आप को भगवान को समर्पित कर दीजिए इसी में आध्यात्मिक उन्नति विश्व का कल्याण और आज का महत्व निहित है




प्रवेश प्रारम्भ
पी.डी.पी. योगा संस्थान
प्रीतबिहार मानिकपुर मोड ,इटावा
NCT नई दिल्ली एंड मानव संसाधन एंड योगा सर्टिफिकेशन बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त है संस्था के द्वारा डिप्लोमा इन योगा टीचर, पीजी डिप्लोमा इन योगा टीचर , कंप्यूटर डिप्लोमा, नर्सरी टीचर्स ट्रेनिंग, फैशन डिजाइनिंग, सोलर टेक्निशियन , पीजीसीए, एडीसीए, डीसीए , ब्यूटीशियन ,सिलाई कढ़ाई ब्यूटीशियन डिप्लोमा सर्टिफिकेट प्राप्त कर सकते है संपर्क करें
9548092622


Scanned with CamScanner

# विविध

## ईस्टर इंडस्ट्रीज लिमिटेड खटीमा द्वारा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पीलीभीत में किया गया वृक्षारोपण



स्थान खटीमा जनपद उधमसिंह नगर पीलीभीत दिनांक 21 जुलाई सन 2022 को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पीलीभीत में जाकर ईस्टर इंडस्ट्रीज लिमिटेड खटीमा के महाप्रबंधक अजय मेहता ने पहुंचकर वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया। सावन के महीने में ईस्टर इंडस्ट्रीज लिमिटेड खटीमा द्वारा पर्यावरण के दिशा में उत्कृष्ट कार्य किए जा रहे हैं जिसके तहत जगह-जगह प्लांटेशन का कार्य किया जा रहा है कारखाना प्रबंधक अजय मेहता के नेतृत्व में ईस्टर इंडस्ट्रीज लिमिटेड खटीमा एक लंबे समय से अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वाहन बड़ी मुस्तैदी के साथ करती नजर आ रही है इस कार्य में सहायक कारखाना प्रबंधक सुनील गुप्ता वृक्षारोपण का कार्यक्रम में महाप्रबंधक अजय मेहता जी का हाथ बंटाते नजर आते हैं।ईस्टर इंडस्ट्रीज लिमिटेड खटीमा सावन के पावन पर्व पर चंपावत जिले के क्षेत्र उधम सिंह नगर के क्षेत्र और पीलीभीत के क्षेत्रों में प्लांटेशन का कार्य कर रहे हैं इसी क्रम में आज ईस्टर इंडस्ट्रीज लिमिटेड खटीमा द्वारा अशोक के पांच वृक्षों को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पीलीभीत में लगाया गया विद्यालय के प्रधानाचार्य ने इसके लिए ईस्टर इंडस्ट्रीज लिमिटेड खटीमा का धन्यवाद दिया है। कारखाना महाप्रबंधक अजय मेहता ने बताया है कि ऐसे कार्यक्रम जगह जगह पर उननीव कल्याण नशा मुक्ति केंद्र लोहिया हेड रोड खटीमा को एसडीएम खटीमा द्वारा किया गया सील

स्थान खटीमा जनपद उधमसिंह नगर नीव कल्याण नशा मुक्ति केंद्र लोहिया हेड रोड खटीमा को दिनांक 20 जुलाई 2022 को उप जिलाधिकारी खटीमा रविंद्र सिंह बिष्ट द्वारा सील कर दिया गया है। नीव कल्याण नशा मुक्ति केंद्र खटीमा में अनाधिकृत रूप से बिना क्लीनिकल इस्टैब्लिशमेंट एक्ट में रजिस्ट्रेशन के एवं बिना सक्षम डाक्टर के चलाया जा रहा था। जिसको उप जिलाधिकारी खटीमा रविंद्र सिंह बिष्ट द्वारा तहसीलदार खटीमा सुश्री शुभांगिनी एवं डाक्टर बी.पी.सिंह थानाध्यक्ष झनकैया दिनेश फर्त्याल द्वारा सील कराया जा रहा है एवं सभी 30 मरीजों को अधिकृत केंद्र भेजा गया के द्वारा किए जाते रहेंगे।

## पांच पतियो के साथ रहती है एक ही कमरे मे नये जमाने की द्रोपदी

सोशल साइट पर एक ऐसी फैमिली की फोटो वायरल हो रही है जिसमें पांच पुरुषों की एक



ही पत्नी होती है। देहरादून के पास एक गांव में रहने वाली यह फैमिली प्राचीन प्रथा को फोलो करती है जिसके तहत ऐसा किया जाता रहा है। पांच भाइयों की पत्नी राजो वर्मा हर रात अलग-अलग भाइयों के साथ रहती है। महिला क्या कहती है 5 पति के बारे में महिला का जब बेटा हुआ तो उसे यह भी नहीं मालूम चल सका कि उसके पिता कौन हैं।कई लोगों के लिए भले ही यह प्रथा अजीब हो, लेकिन कुछ स्थानीय लोग इसे नार्मल मानते हैं।उनके मुताबिक, यह एक प्रथा है जिसमें महिला को पहले पति के भाइयों से शादी करनी होती है। एक ब्रिटिश वेबसाइट से महिला ने कहा था कि शुरू में यह कुछ अजीब लगा। राजो की पहली शादी हिन्दू परंपरा से पहले पति गुड्डू के साथ साल 2009 में हुई थी। इसके बाद उसने बैजू, संत राम, गोपाल, दिनेश से भी शादी हुई। सबसे आखिरी में दिनेश से शादी हुई जब उसकी उम्र 18 साल हो गई। गुड्डू ने एक बार मीडिया से कहा था, 'हम सभी उसके साथ सेक्स करते हैं, लेकिन मैं दूसरों से जलता नहीं हूं। हम सब एक बड़ी हैप्पी फैमिली हैं।' पहले के दिनों में एक महिला से कई पुरुषों (जो आपस में भाई हों) की शादी की परंपरा को अधिक लोग फॉलो करते थे। लेकिन अब ऐसा कम ही फैमिली में होता है। कहते हैं कि महाभारत के द्रौपदी के पांच भाइयों से शादी करने की वजह से ही इस परंपरा की शुरुआत हुई। एक रिपोर्ट के मुताबिक, उत्तरी भारत में हिमालय के आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले और तिब्बत में यह प्रथा पाई जाती है। आज के समय में महिलाओं की आबादी में कमी और लड़कों को पत्नियों की तलाश की वजह ने भी इस प्रथा को जिंदा रखा है। राजो कहती है कि उसे मालूम था कि उसे सभी पति को स्वीकार करना होगा, क्योंकि उसकी मां ने भी तीन पुरुषों से शादी की थी। वह यह भी कहती है कि उसे काफी अटेंशन मिलता है और बाकी पत्नियों के मुकाबले अधिक प्यार भी। सौजन्य से'

## 10वीं में सेंटमेरी के मोहम्मद हाशिर व ऋषभ कुमार ने 98.2% व आरुषि सक्सेना ने 98 % अंक लाकर किया श्रेष्ठ प्रदर्शन



जनपद इटावा का विद्यालय सेंटमेरी इंटर कालेज किसी परिचय का मोहताज नही। यहाँ के छात्र छात्राये नये नये रिकार्ड बनाने के लिये मशहूर है। आये सीबीएसई के 10 वीं के परिणामों में कई छात्र छात्राओं ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। जिनमे मो0 हाशिर व ऋषभ कुमार ने 98.2%, आरुषि सक्सेना ने 98%, शाम्भवी द्विवेदी व विकल्प अग्रवाल ने 97.8%, भव्या सिंह राजावत व फलाह समीर ने 97.4%, प्रथम चुगानी ने 97.4%, अग्रिम तिवारी ने 97.2%, अर्चना बंसल ने 97% अंक हासिल किये। कुल 310 छात्र छात्राओं में सभी सफल हुये। कुल 99 छात्र छात्राओं के 90% से अधिक अंक आये वहीं 181 बच्चों के 80% से अधिक अंक आये है। विद्यालय के सभागार में 10वीं के छात्र छात्राओं के सम्मान में आयोजित एक सम्मान समारोह में सेंटमेरी इंटर कालेज के प्रिंसिपल फादर जे बी जोसेफ ने सफल हुये सभी बच्चों को संबोधित करते हुये कहा कि, हमेशा याद रखिये कि, आपके प्रयास कभी भी रुकने नहीं चाहिये। 99% बच्चों का 90 से अधिक नम्बर लाना कोई साधारण बात भी नहीं है। यह बच्चों की लगन और हमारे शिक्षकों मेहनत का ही परिणाम है। ये शानदार परिणाम आप सभी बच्चों की मेहनत दिखाता है विद्यालय के शिक्षकों ने आपका सही मार्गदर्शन किया है। आपका शानदार प्रदर्शन ही हमारे विद्यालय की पहचान भी है। में सभी बच्चों की प्रतिभा के पीछे खड़े सभी शिक्षकों को शुभकामनाएं देता हूँ। उन्होंने सभी सफल छात्र छात्राओं को हाल में सभी के अभिभावकों की उपस्थिति में मिठाई खिलाकर मेडल पहनाकर व पुष्प गुच्छ देकर आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर वाइस प्रिंसिपल रिव0 सिस्टर जिंसी सीएमसी, फादर बिपिन, शिक्षक अबू थामस, जैकब चाको, राजू थामस सहित

## बकेवर' मुख्यमंत्री के आदेश का नहीं दिखा असर



मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी ने दो माह पूर्व अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया था लेकिन जनपद इटावा के कस्बा बकेवर के मुख्य चौराहा के हालात आज तक नहीं बदले , यहां आज भी रोड के किनारे फलों व फास्ट फूड के हथठेला लगे हुए हैं साथ ही साथ प लीथिन का भी इस्तेमाल धड़ल्ले से किया जा रहा है और न ही अ टो लगना बंद हुए मुख्य समस्या लखना रोड की है जब स्टूडेंट स्कूल छोड़ने के बाद बकेवर चौराहे से गुजरते हैं तो फुटपाथ पर चलने के लिए जगह नहीं होती आखिर अधिकारी मुख्यमंत्री के आदेश को कब अमल में लायेंग

## बांगरमऊ अपडेट जीजा ने साले को चाकू से गोद



## गोद कर किया मरणासन्न

बांगरमऊ ब्लाक के ठीक सामने रविवार दोपहर बाद जीजा ने पैसे के लेन देन में साले को चाकू से गोद-गोद कर छह जगह हमला कर मरणासन्न किया जिसके बाद मरा समझकर भाग गया। राहगीरों खून से लथपथ हालात में बांगरमऊ सीएचसी पर भर्ती करवाया। जहां सूचना पर मौके पर परिजन भी पहुँच गए। डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद नाजुक हालत देखते हुवे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सूचना सीएचसी पर पहुँची पुलिस ने पूछताछ शुरू कर जांच पड़ताल की।

**सूचना** – पासपोर्ट में मेरा नाम **SUKHVIR SHINGH** गलत अंकित हो गया है जबकि मेरा सही नाम **SUKHVIR SINGH** है जो अंकित किया जाए सुखवीर सिंह पुत्र श्री राम भजन ग्राम व पोस्ट बैसौली घाट तहसील भरथना थाना इकदिल जिला इटावा उत्तर प्रदेश..

Scanned with CamScanner



श्लोक– कर्पूरगौरं करुणावतारं संसारसारं भुजगेन्द्रहारम्।
सदा बसन्तम् हृदयारविन्दे भबं भवानीसहितं नमामि॥

दोहा– जय गणेश गिरिजा सुवन, मंगल मूल सुजान।
कहत अयोध्यादास तुम, देहु अभय वरदान।।

**AUGUST 2022**

| S | M | T | W | Th | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
| 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 |
| 28 | 29 | 30 | 31 | | | |

**सम्पादक - राजीव कुमार संपर्क सूत्र-9219240048** अखबार में प्रकाशित समस्त रचनाओं के विचार व दायित्व लेखीय है संपादक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। अखबार से संबन्धित सभी विवादों के लिए न्यायिक क्षेत्र इटावा (उ.प्र.) रहेगा। स्वात्तधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक–राजीव कुमार के लिए शिवम् ऑफसेट, अशोक नगर, भर्थना रोड, इटावा उ.प्र. से छपकर इटावा एक्सप्रेस सप्ताहिक इटावा से प्रकाशित। Email: etawahexpress24@gmail.com Web: www.etawahexpress.com

Scanned with CamScanner